हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 अप्रैल 2024

06 गर्व से कहता हूं मैं हिन्दू हूं: कमलनाथ

07 स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आयोग के निर्देशों से...







### पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

# पुलिस ने किया खुलासा, अवैध संबंधों के चलते हुई थी अमृतलाल की हत्या

सनखेड़ा नाका निवासी अमृतलाल चौरे की हत्या ग्राम जमानी की एक महिला से अवैध संबंधों के चलते हुई थी। घटना की रात अमृतलाल महिला के घर पहुंचा था, लेकिन इस बीच महिला की बेटी के जाग जाने और शोर मचाने पर वह अर्धनग्न हालत में ही भागकर घर के पीछे आम के बगीचे में छिप गया था। करीब दो घंटे बाद वह पुन: लौटा तो महिला की लड़की ने फिर शोर मचाया और मोहल्ले के लोगों ने अमृत लाल का पीछा करके लाठियों से पीटकर उसकी हत्या कर दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला जघन्य हत्या एवं पेचीदा होने से मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी डॉ. गुरकरन सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान ने थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अपराध का शीघ्र खुलासा करने तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु दिशा निर्देश दिए। टीम ने तकनीकी सहयोग तथा मुखबिर लगाकर जानकारी प्राप्त की, जिससे ज्ञात हुआ कि मृतक अमृतलाल चौरे जो टाटा स्काय लगाने का काम करता था, जिसका जमानी में रहने वाली एक महिला के साथ संबंद्ध थे, जिसके कारण मृतक का ग्राम जमानी में आना जाना होता था। 14 अप्रैल 24 को भी मृतक अमृतलाल ग्राम जमानी महिला से मिलने पहुंचा, जहां महिला की पुत्री के अचानक जागने और चिल्लाने से मोहल्ले के लोग जमा हो गए, तो वहां से मृतक अधोवस्त्र पहने ही अंधेरा का फायदा उठाकर महिला के घर के पीछे आम के बगीचा में भाग गया।



लगभग 2 घंटे बाद मृतक पुनः महिला के घर पहुंचा लेकिन पुनः महिला की लड़की अमृतलाल को देखकर चिल्लाई तो पुनः मोहल्ले के तीन लोग लकड़ी लेकर पहुंचे, जहां महिला की लड़की व तीन अन्य मोहल्ले के लोगों को लकड़ी लेकर दौड़ते देखकर मृतक पुनः अंधेरे में आम के बगीचा में भागा जिसके पीछे चारों आरोपियों ने दौड़कर पीछा किया। आम के पेड़ के नीचे गिर जाने पर चारों ने डंडे से मृतक के साथ मारपीट कर हत्या कर दी। लाश को ठिकाने लगाने के लिए उनमें से एक आरोपी ने अपनी मोटर सायकिल पर मृतक की लाश को रखकर पीछे दूसरा आरोपी बैठकर पकड़ा और लड़की की होंडा एक्टिवा पर तीसरा आरोपी बैठकर लड़की पीछे बैठकर चारों आरोपियों ने मृतक के शव को ललवानी तरफ वाली नहर के बाजू में ले जाकर मृतक के बदन पर पहनी बनियान को उतारकर मृतक के शव के पैर बांधकर नहर में फैंककर वापस आए और यह बात किसी को ना बताने चर्चाकर अपने अपने घर चले गए। चूंकि घटना के बाद ग्राम जमानी में कोई व्यक्ति कुछ बोलने को तैयार नहीं हो रहा था, अतः तकनीकी संसाधनों तथा विश्वसनीय मुखबिर तंत्र के माध्यम से टीम द्वारा चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गहन पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है, साथ ही घटना में प्रयुक्त 2 वाहन, डंडे, मृतक की मोटर सायकिल, कपड़े, मोबाइल व अन्य सामग्री आरोपियों के कब्जे से जब्त करने तथा आरोपियों को गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की है।

### ये है आरोपी

चारों आरोपियो दयाराम पिता बुद्धलाल तेकाम उम्र 53 वर्ष, दयाराम उर्फ पप्पू पिता बतनलाल कावरे वर्ष, 3 रामविलास पिता भागीरथ कलमे 38 वर्ष एवं एक 20 वर्षीय बालिका सभी निवासी ग्राम जमानी थाना पथरोटा को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल नर्मदापुरम भेजा।

### कार्यवाही में रही महत्वपूर्ण भूमिका

मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, एसआई श्रद्धा राजपूत, एएसआई संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक प्रदीप चौधरी, हेमंत तिवारी, शेख अबरार, आरक्षक हरीश डिगरसे, राजेश पवार, जयप्रकाश, गुलशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सहयोगी भूमिका थाना पथरोटा से थाना प्रभारी संजीव पवार, एएसआई मालवीय, प्रधान आरक्षक कन्हैया, आरक्षक धीरज राठौर, तथा थाना रामपुर गुर्रा से थाना प्रभारी विपिन पाल, आरक्षक रितेश येवले, थाना इटारसी से जितेन्द्र शेशकर, साकिर, अविनाशी, प्रधान आरक्षक बबिता, अनिता, चेतना, पूनम, आरक्षक सायबर अभिषेक की रही।

## धूपगढ़ पर होगा मतदाता जागरूक कार्यक्रम...




पचमढ़ी। कार्यालय जिला निर्वाचन स्वीप नर्मदा पुरम द्वारा रविवार को धूपगढ़ क्षेत्र में विशेष मतदाता जागरूकता गतिविधि अभियान चलाया जायेगा। अभियान मे मतदाता जागरूकता के लिए शपथ, हस्ताक्षर अभियान एवं जिला स्वीप आइकॉन सारिका घारू का मतदाता जागरूकता गीत की आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने समस्त शासकीय विभाग, पर्यटक एवं पचमढ़ी के नागरिक अपनी उपस्थिति देने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# धौंखेड़ा तिराहे पर जांच के दौरान कार से डेढ़ लाख रुपए किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर की जा रही जांच नाकों पर चैकिंग के दौरान पुलिस को लगातार नगदी रुपए मिल रहे हैं। शनिवार को चैकिंग के दौरान पुलिस ने धौंखेड़ा तिराहे पर एक कार से डेढ़ लाख रुपए की राशि जब्त की है। कार चालक का कहना है कि वे अपनी गोदाम से रुपए लेकर घर आ रहे थे। लेकिन, उनके पास इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने पर पुलिस ने राशि को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार न्यास कालोनी इटारसी निवासी पुनीत शुक्ला पिता गिरीश शुक्ला की कार वेगन आर एमपी 05, जेडई 1369 से एसएसटी द्वारा चेकिंग के दौरान नगदी 1,50,000 रुपये जब्त किए है। नर्मदापुरम



एवं बाबई से आने वाले धौखेड़ा तिराहे के पास प्रशासन और पुलिस ने यह कार्रवाई की है। थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने बताया कि पुनीत शुक्ला के कहे अनुसार वे गोदाम से घर जा रहे थे, उन्होंने टीम को यह रुपए कहां से लाए हैं, उसका कोई हिसाब नहीं बताया। इसलिए रुपयों की जब्ती की गई है।

# स्व.नरेन्द्र सिंह की स्मृति में हुआ स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

डोलरिया तहसील के अंतर्गत ग्राम बैहराखेड़ी में स्व.श्री नरेन्द्र सिंह (राजपूत सर) की स्मृति में सेठा कैंसर हास्पिटल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आलोक राजपूत ने बताया शिविर में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने स्व.श्री नरेन्द्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भावुक होकर नरेन्द्र जी और उनके मधुर, सौम्य और सेवाभावी व्यवहार का उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ.अतुल सेठा, डॉ शिवम मिश्रा, डॉ अभिषेक यादव, डॉ वीरेन्द्र राजपूत एवं डॉ अक्षय हर्णे ने शिविर में आए सैकड़ों मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं वितरित की। शिविर में मोतियाबिंद की जांच की गई और आवश्यक होने पर सेठा हास्पिटल में मुफ्त आपरेशन के लिए मरीजों को बताया। शिविर में आए सभी मरीजों और सेवाएं प्रदान करने वाले समस्त डॉकटर्स और उनके सहयोगियों सहित सुरेंद्र सिंह, यशवंत सिंह राजपूत, निर्भय सिंह राजपूत, नरेन्द्र बड़कुर,संजीव राजपूत, आलोक एवं अन्य सभी परिजनों ने धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान हेतु 5 दिन शेष बचे हैं। मतदाताओं को जागरूक कर वोट का प्रतिशत बढ़ाने का काम भी प्रशासनिक अमले के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के इसी क्रम में जनपद पंचायत नर्मदापुरम की दमदम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूरे ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। दमदम सोहागपुर 138 विधान सभा का ग्राम है जिसके अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 158 में 1045 मतदाता हैं। बीएलओ रोहित चौरे बताया कि विगत विधानसभा 2023 में पोलिंग बूथ पर 88.75 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार भी हमारी कोशिश है कि मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे। हम दोनों ग्रामों जागरूकता अभियान चला रहे हैं एवं पूरा प्रयास किया जा रहा है कि दोनों ग्राम के मतदाता आकर शत प्रतिशत मतदान करें। जागरूकता अभियान की रैली में ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम चौरे, सहायक सचिव रोहित चौरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता चौरे, मुन्नी मेहरा आंगनवाड़ी सहायिका, इमरती बाई केवट, संगीता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता राजश्री पटैल, प्रधान पाठक राजीव चौहान, शिक्षक पूनम तिवारी, प्रीति यदुवंशी, वंदना ठाकुर, ज्योति यादव एवं ग्राम के युवा सम्मिलित रहे।

# अवयस्क बालिका के साथ दुराचार करने वाले को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटारसी सुशीला वर्मा ने अवयस्क बालिका से दुराचार करने के आरोपी पंकज रैकवार पिता जगन्नाथ रैकवार उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड 11 नई गरीबी लाइन इटारसी जिला नर्मदापुरम को बालिका का व्यपहरण कर के उसके साथ बलात्कार की गंभीर घटना करने के लिये धारा 366 ए भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड, एवं 376 भादवि एवं 3, 4, पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 21 दिसंबर 2021 को अभियोक्त्री के पिता ने थाना इटारसी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री आज स्कूल जाने का कहकर निकली थी जो शाम को घर नहीं पहुंची।

उसे स्कूल और रिश्तेदारों में तलाश किया वह नहीं मिली। उसकी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं ले गया है।

**सजा का विवरण**

- न्यायालय : तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटारसी
- आरोपी का नाम धारा सजा अर्थदण्ड जुर्माने के व्यतिक्रम में पंकज रैकवार 366 ए भादवि 10 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रू अर्थदंड 6 माह का सश्रम कारावास।
- 376 भादवि एवं 3, 4, पाक्सो एक्ट 10 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रू अर्थदंड 6 माह का सश्रम कारावास।

पुलिस ने प्रकरण दर्ज करने के उपरांत विवेचना की। विवेचना के दौरान 27 जनवरी 22 को अभियुक्त पंकज रैकवार के कब्जे से अभियोक्त्री को बरामद किया। अभियोक्त्री ने बताया कि पंकज रैकवार उससे शादी करने की बात करता था। अभियोक्त्री ने बताया कि एक दिन घर में अकेला पाकर पंकज ने उसके साथ उसकी मर्जी के बिना शारीरिक संबध स्थापित किये। 20 दिसंबर 21 को शादी करने का कहकर अभियोक्त्री को गुजरात ले गया। अभियोक्त्री के उक्त कथन के आधार आरोपी पंकज रैकवार के विरूद्ध धारा 363, 366 ए, 376 भादवि एवं 3, 4, पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्कालीन थाना प्रभारी सोनाली चौधरी ने विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में अभियोजन द्वारा अभियोक्त्री को नाबालिग प्रमाणित करने के लिये अभियोक्त्री का जन्म प्रमाण पत्र तथा स्कूल की दाखिल खारिज पंजी प्रस्तुत की। अभियोक्त्री के साथ अभियुक्त द्वारा शारीरिक संबंध को प्रमाणित करने के लिये अभियोकित्री का परीक्षण कराया तथा वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में एफएसएल भोपाल की डीएनए रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। उपरोक्त साक्षियों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त पंकज को धारा 366 ए, 376 भादवि एवं 3, 4, पाक्सो एक्ट के अंतर्गत दोषी पाते हुये दंडित किया। विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी इटारसी एचएस यादव ने की।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व कार्यशाला का आयोजन

**सिवनीमालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार उमंग उच्च शिक्षा एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत खेल विभाग, एनएसएस इकाई एवं समुदाय चिकित्सालय सिवनी मालवा के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने बताया कि उमंग कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जो छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही लाभदायक हैं। शासकीय चिकित्सालय सिवनी मालवा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ऋषि चौबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति घायल हो जाए या जिसके सिर में ज्यादा चोट आ जाए तो उसे बिना किसी सपोर्ट के न उठाया जाए। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी चालकों को हेलमेट का उपयोग जरूर करना चाहिए। इस कार्यशाला में डॉक्टर चौबे द्वारा विशेष तौर पर प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

### मतदान दल एवं सेक्टर अधिकारी वाहन की जीपीएस मैपिंग होगी

# जिला स्तर पर होगा इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने कहां की मतदान में कुछ ही दिन शेष हैं। ज़िला स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का गठन किया जाएगा जिसके माध्यम से मतदान प्रतिशत, शिकायत, फ़ेक न्यूज़, क़ानून व्यवस्था, जीपीएस और वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की जाएगी। 904 केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जायेगी। फेक न्यूज़ से निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान न हो। कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट एवं फेक न्यूज़ के संबंध में तत्काल खंडन जिला स्तर पर कंट्रोल रूम द्वारा किया जाये। अपर कलेक्टर डी के सिंह और डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर इसके नोडल अधिकारी होंगे। फेक न्यूज़ एवं सोशल मीडिया में डाली गई मतदान प्रभावित करने वाली पोस्ट पर कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाएगा एवं ऑडियो वीडियो और टेक्स्ट मैसेज जारी कर खंडन किया जाएगा। उक्त दोनों अधिकारी बाइट एवं जवाब देने के लिए अधिकृत होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने आज ज़िला नोडल




अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिये। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी एमसीएमसी ने बताया कि जिले के मीडिया कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दो तरह के प्राधिकार पत्र तरह जारी किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र में मतदान केंद्र एवं मतगणना के लिए प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मतदान केंद्र एवं मतगणना स्थल के संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों से सभी मीडिया कर्मियों को अवगत कराया जाए। बैठक में जीपीएस मैपिंग के संबंध में भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारी ने जीपीएस मैपिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दल के वाहन की हर मूवमेंट की जानकारी हर आधे घंटे में मिलती रहेगी गूगल मैप में भी यह दर्शित होगा। गूगल मैप एवं जीपीएस ट्रैकिंग से यह पता चल जाएगा की कितनी गाड़ी मतदान केंद्र तक पहुंच गई है और कितनी गाड़ी मतदान केंद्र से सामग्री लेकर वापस हुई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मतदान कर्मी जब सामग्री लेकर रवाना हो एवं मतदान के पश्चात जब मतदान केंद्र से रवाना हो तब हर एक घंटे में उनके वाहनों की मूवमेंट की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में दी जाए। बैठक में बताया गया कि 50 प्रतिशत मतदान केंद्र में वेब कास्टिंग की जाएगी और मतदान केंद्र के बाहर भी कैमरे लगाए जाएंगे जो पूरे परिसर को कवर करेंगे। बताया गया कि मतदान के दिन शिकायत शाखा का कंट्रोल रूम, एमसीएमसी का कंट्रोल रूम, कंट्रोल रूम नंबर 1950 एवं सी विजिल ऐप अतिरिक्त सतर्कता से कार्य करेंगे। सभी कंट्रोल रूम में अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण करेंगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी टी प्रतीक राव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद थे।

# गर्मी को न बनने दें अपनी सरकार बनाने में बाधाः सारिका घारू

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में सारिका का जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रथम चरण के मतदान के बाद अब आ गई है बारी आगामी शुक्रवार 26 अप्रैल के द्वितीय चरण के मतदान की जिसमे होशंगाबाद लोकसभा का भी निर्वाचन होना है। अप्रैल माह में होने वाली विवाह, धार्मिक सांस्कृतिक एवं हर गतिविधि में गर्मी का सामना तो करना ही होगा तो इसमें सिर्फ चुनावो से दूर रहने का बहाना क्यों बनायें। इस बात को बताते हुये तथा शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं को आ गये लोकसभा चुनाव, वोट करना न कोई भूले का संदेश दिया। सारिका ने मतदाताओ को कहा कि ये चुनाव पांच साल मे आते एक बार हैं इसमे वोट देना हमारा अधिकार है। ध्यान रखें गर्मी हर साल आती है लेकिन आपको अपनी



सरकार चुनने का मौका पांच साल मे एक बार मिलता है। एक प्रतिशत भी कम वोट का मतलब लगभग दस हजार लोगों का अपनी जिम्मेदारी से दूर होना होता है और आप जानते ही हैं कि कई बार हार –जीत का अंतर सिर्फ कुछ ही वोट का भी रह जाता है।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**बैतूल।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला जेल बैतूल में स्वास्थ्य परीक्षण तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 57 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/जिला न्यायाधीश डॉ. महजबीन खान द्वारा बंदियों से उनके प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने बंदियों के लिये निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा तथा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय, लीगल एड डिफेंस काउंसल, पैनल अधिवक्ताओं एवं पीएलव्ही द्वारा भी बंदियों से चर्चा की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉ. रंजीत राठौर सर्जिकल विशेषज्ञ, डॉ. तरुण साहू- चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन), डॉ. गौरव कंच पी.जी.एम.ओ. सर्जिकल तथा डॉ. आर. गोहिया स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा पुरुष व महिला बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। शिविर में कुल 477 बंदियों में से 57 बंदियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं उन्हें मेडीसिन भी प्रदान कराई गई।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बसपा प्रत्याशी के नामांकन की संवीक्षा

**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र 29 बैतूल में बसपा प्रत्याशी अर्जुन भलावी के नामांकन प्रपत्र की संवीक्षा की गई। संवीक्षा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा की गई। श्री भलावी द्वारा दाखिल नामांकन का बिंदुवार पूर्ति का विवरण माइक के माध्यम से आमजन के लिए प्रसारित किया गया।

## आमला ब्लॉक के चुटकी ग्राम में कमलनाथ ने आमसभा को किया संबोधित

# गर्व से कहता हूं मैं हिन्दू हूं: कमलनाथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-हरदा-हरसूद संसदीय क्षेत्र के आमला ब्लॉक में कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के पक्ष में चुटकी ग्राम में आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आज कल गारंटी की खूब बातें हो रही है। उन्होंने मोदी सरकार को निशाने पर लेते कहा कि इनके राज में महंगाई की गारंटी पक्की है। भाजपा के लोग बेरोजगारी पर बात नहीं करते, किसानों की समस्या पर नहीं बोलते, 5 प्रदेश से घिरे मध्यप्रदेश में निवेश नहीं आ रहा है। मुझे सबसे ज्यादा चिंता युवाओं की है। मध्यप्रदेश बेरोजगारी में नंबर 1 है।

### गर्व से कहता हूं मैं हिंदू हूं-

उन्होंने कहा कि धर्म राजनीति के प्रचार का विषय नहीं है। राम मंदिर का पट्टा, क्या इनके नाम है। राम मंदिर मेरा आपका सबका है। मैं गर्व से कहता हूं मैं हिन्दू हूं। मैंने छिंदवाड़ा में सबसे ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा बनवाई, लेकिन इसका कभी प्रचार नहीं किया। हर चुनाव के अपने मायने होते है। यह चुनाव सिर्फ रामू टेकाम के भविष्य का चुनाव नहीं, संविधान को बचाने का चुनाव है। संविधान से छेड़छाड़ की कोशिश हो रही है। वोट डालने से पहले आपको विचार करना चाहिए कि 30 साल में भाजपा सांसदों ने आपको क्या दिया है? छिंदवाड़ा से तुलना करें, छिंदवाड़ा में स्किल डिवलेवमेंट संेटर है, विकास हुआ है।

### आमला का विकास मेरी जिम्मेदारी

आमला का इतिहास बदलना है तो पड़ोसी के नाते मुझ पर भरोसा करें, आमला का विकास मेरी जिम्मेदारी है। भाजपा राज में प्रदेश, घोटाले भ्रष्टाचार का प्रदेश बन गया, बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा। भाषण के समापन पर कमलनाथ ने जय श्री राम का नारा लगाया। आमसभा को कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम, पूर्व विधायक निलय डागा, धरमू सिंह सिरसाम, सुखदेव पांसे ने संबोधित किया। मंच संचालन मनोज मालवे ने किया।

### भाजपा ने नहीं किया वादा पूरा

कार्यक्रम में रामू टेकाम बोले, यह चुनाव मेरा या कमलनाथ का नहीं, संविधान बचाने का है। भाजपा ने झूठ बोलकर सरकार बनाई 2700 रुपए में गेहूं खरीदी नहीं हो रही है। लाड़ली बहनों को 3000 नहीं मिल रहे। उन्होंने गोंडी भाषा में आमसभा को संबोधित किया।

## कांग्रेस छोड़ने वाले विधानसभा में थे भाजपा के साथ : डागा

चुटकी में आमसभा को पूर्व विधायक निलय डागा ने सबसे पहले संबोधन किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कमलनाथ ने अंगुली पकडक़र राजनीति की सीढ़ी पर चढऩा सिखाया था, आज वो भाजपा में शामिल हो गए हैं और भाजपा नेताओं के पैर पड़ रहे हैं। कांग्रेस में जिनको मंच पर सम्मान मिलता था वे भाजपा में जाकर झाड़ू लगाकर दरी बिछा रहे हैं। वो इसी लायक थे, इसलिए उनकी घर वापसी हो गई है। इससे साबित होता है कि ये लोग विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के साथ थे। राजनैतिक हलकों में यह माना जा रहा है कि निलय डागा का इशारा कुछ दिनों पहले कांग्रेस छोड़ने वालो के लिए था। अपने भाषण में निलय डागा ने सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासियों के अत्याचार मामले पर भाजपा सांसद कुछ नहीं बोलते। उन्होंने रामू टेकाम को सक्रिय और योग्य उम्मीदवार बताकर कांग्रेस को जिताने की अपील की।

**यह थे मौजूद-** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कांग्रेस हेमंत वागद्रे, समीर खान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू देशमुख, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, पीआर बोडखे, रमेश काकोडय़ी, मोनिका निरापुरे, भोला कांति, वीरेंद्र वरथे, छन्नू बेले, भोला कांति, किशोर माथनकर सहित सारणी और जिले के कांग्रेसजन मौजूद थे।

### बैतूल विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में आज और कल होगी कांग्रेस की बैठक

*कांग्रेस प्रत्याशी, पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष करेंगे ग्रामों का दौरा*

*बैतूल। कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम, पूर्व विधायक निलय विनोद डागा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमन्त वागद्रे 21 और 22 अप्रैल को बैतूल विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक आयोजित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी से मिली जानकारी अनुसार कांग्रेसजन आज रविवार 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे जसोंदी, दोपहर 12 बजे बोरिकास, 12.30 बजे दीवानचारसी, दोपहर 1 बजे कोलगांव, 1.30 बजे गोराखार, 3.00 बजे पीपला, 3.30 बजे हथनाझिरी,शाम 4 बजे सेहरा, 4.30 बजे अमदर, शाम 5.00 बजे भरकावाडी, 5.30 भोगीतेड़ा, शाम 6 बजे बडोरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम-जन के साथ बैठक करेंगे। कल 22 अप्रैल दिन सोमवार को भी कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम व पूर्व विधायक निलय विनोद डागा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमन्त वागद्रे बैतूल विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक लेंगे। वे सुबह 11 बजे बाजपूर, 11.30 बजे भैंसदेही, दोपहर 12 बजे खेड़ली, 12.30 बजे खेड़ला, 1 बजे कुम्हारटेक, 1.30 बजे खंडारा, दोपहर 2 बजे बघवाड, 3 बजे बरसाली, 3.30 बजे लाखापुर, शाम 4 बजे निमझिरी, 4.30 मोवाड़, शाम 5 बजे कन्हड़गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम-जन के साथ बैठक करेंगे। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन को बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है।*

## नहीं थम रहा मछली चोरी का सिलसिला

# शनि सरोवर में फिर पकड़ाया मछलियों से भरा जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के छोटे तालाब में दिनदहाड़े जाल डालकर मछलियां पकड़ी जा रही हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों ने तालाब में हलचल होने पर जाल पकड़ा है और उसे निकालकर जला दिया। इधर जाल बिछाने वाले कर्मचारियों को देखकर मौके से भाग गए हैं। पवित्र नगरी होने से मुलताई में ताप्ती सरोवर, शनि तालाब में मछलियां पकड़ने पर बैन लगा हुआ है। इसके बावजूद भी लगातार शनि तालाब और ताप्ती सरोवर से मछलियां चोरी हो रही हैं। लोगों का कहना है कि नगर के कुछ लोग आस्था के चलते सरोवर में मछलियों को आटा और अनाज डालते हैं। लेकिन लगातार मछलियां चोरी होने से उनकी आस्था को चोट पहुंच रही है। नगर पालिका के कर्मचारी श्याम सेवतकर ने बताया कि शनि तालाब में पानी की सतह पर थर्माकोल तैर रहे थे, शक होने पर जब तालाब में कर्मचारी उतरे तो उनके हाथ में जाल आ गया। बताया जा रहा है कि मछली



पकड़ने के लिए रात में जाल लगाया गया होगा। नगर पालिका के कर्मचारी निक्की कुरवाड़े, अनिल पापड़कर, नरेंद्र पवार और प्रकाश परिहार ने जाल को तालाब से बाहर निकाल लिया और उसमें फंसी मछलियों को वापस तालाब में छोड़ दिया। इसके बाद जाल को जला दिया गया। वहीं इसकी सूचना नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**बैतूल।** नगर की पॉक्सो अदालत ने घर में घुसकर एक 15 वर्षीय बालिका का बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माने की सजा से दंडित किया गया। घटना साल 2022 की है। विशेष न्यायालय, (पॉक्सो एक्ट) ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका का बलात्कार करने वाले आरोपी रानू उइके पिता मेहंगु उइके, (30), निवासी-थाना कोतवाली को दोषी पाते हुए, धारा धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट समाहित धारा 376(3) द्धक्कष्ट में दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रूपए जुर्माना तथा धारा 450 द्धक्कष्ट के अपराध का दोषी पाते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास एवं 2 हजार रूपए जुर्माना से दंडित किया गया। प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी एस.पी.वर्मा एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी या अनन्य विशेष लोक अभियोजक ओमप्रकाश सूर्यवंशी के द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी अमित राय (एडीपीओ) ने बताया कि 4 अगस्त 2022 को 15 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस चौकी पाढऱ में अभियुक्त रानू उइके के खिलाफ शिकायत की थी कि बीती रात 10 बजे उसकी माता शौच करने गई थी और उसके पिता बाहर काम करने गए हुए थे। उसे घर पर अकेला पाकर आरोपी रानू उइके ने घर में घुसकर उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती उसके साथ बुरा काम किया। उसकी छोटी बहन घटना के समय आ गयी थी। जिसके कारण आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी माता को दी। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस थाना कोतवाली में अभियुक्त रानू उइके के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी। विवेचना के दौरान पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया था, आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# गंज बस स्टैंड का पिछला रास्ता बंद, एक ही रास्ते से हो रही बसों की आवाजाही

## नगरपालिका की अनदेखी, सड़क पर पल-पल लग रहा जाम

**बैतूल।** शहर में आगे पाठ पीछे सपाट जैसी स्थिति लगभग सभी जगहों पर देखने को मिलती हैं। आम जनता को सुविधा देने के लिए काम तो जोर शोर से शुरू किया जाता है, लेकिन थोड़े ही दिनों में स्थिति जस की तस नजर आने लगती है। शहर दिनो दिन अतिक्रमण के हमले की चपेट में आता ही जा रहा है। चुनाव में व्यस्त शासन-प्रशासन के द्वारा इस पर ध्यान न देने से पैदल चलना और सड़क पर बस- गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर स्थिति दिनोदिन स्थिति और भी ज्यादा खराब होते जा रही है।ताजा मामला है गंज बस स्टैंड का, जहां यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के आने और जाने के लिए दो रास्ते बनाए गए थे, लेकिन अब हालात यह हैं कि एक रास्ता बन्द होने की वजह से बस स्टैंड पर बसों की एक ही रास्ते से आवाजाही के चलते सडक़ पर पल-पल जाम की स्थिति बन रही है। हर 10 मिनट में सडक़ पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं पर जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है।

### कांतिशिवा के सामने से बनाया था रास्ता

आम लोगों की सुविधा देने के लिए तत्कालीन कलेक्टर ज्ञानेश्वर बी पाटिल ने गंज क्षेत्र में बसस्टैंड का संचालन शुरू करवाया था। कोठीबाजार बसस्टैंड से गंज पहुंचने वाली बसों के लिए कांतिशिवा टाकीज के बाजू से बकायदा रास्ता भी बनाया गया था, ताकि बस स्टैंड के पिछले हिस्से




से प्रवेश कर गुरुद्वारा रोड होते निकल जाएं, लेकिन वर्तमान में यह रास्ता लम्बे समय से उपयोग किया जाना बंद कर दिया गया है। बसें स्टैंड के सामने वाले हिस्से से ही प्रवेश कर रही हैं और और इसी रास्ते से रवाना भी की जा रही हैं। बसों को रिवर्स करने के लिए सीधे सडक़ पर लाया जाता है और सडक़ पर चलने वाले चौपहिया और दो पहिया वाहनों के चालकों को अपने वाहन रोकना पड़ता है।

### इनका कहना

बसस्टैंड के दूसरे रास्ते की जानकारी मुझे नहीं थी। हम आगे व्यवस्था बनाने का प्रयास करेंगे।

**ओमपाल सिंह भदौरिया,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नपा बैतूल।

### सड़क के दोनों तरफ लगा रहता है जाम

*बस स्टैंड पर व्यवस्था गड़बड़ाए जाने का खामियाजा उन वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है जो स्टेशन और गुरुद्वारा रोड से सीधे आना-जाना करते हैं। बसों को सीधे सडक़ पर लाकर टर्न करने में ही चालक को 4 से 5 मिनट लग रहा है। तब तक सडक़ की दोनों तरफ वाहन रोकने पड़ रहे हैं। वहीं स्टैंड का स्पेस कम होने के चलते यात्रियों के हादसे का शिकार होने की भी संभावना बनी रहती है। यदि नगरपालिका पुनः पुरानी व्यवस्था बहाल करने का प्रयास करें तो नगर के लोगों को जाम जैसी स्थिति से निजात मिल सकती है और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकता है।*

## अचानक कुकर फटने झुलसा युवक हालत गंभीर

**बैतूल।** खाना बनाने के बाद चूल्हे से कुकर उतरते समय अचानक कुकर फटने से एक युवक झुलस गया। घटना शाहपुर इलाके के ग्राम कछार की है। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूपेंद्र ठाकरे (38) निवासी ग्राम कछार थाना शाहपुर खाना बनाने के बाद चूल्हे से गरम कुकर को उतार रहा था। तभी कुकर अचानक फट गया और गर्म भाप में युवक बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद परिजनों युवक को गंभीर हालत में शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराने पहुंचे। लेकिन यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां पर डॉक्टरों द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है। इस युवक का पूरा शरीर ही झुलसा हुआ है। जिस दौरान यह हादसा हुआ। युवक की पत्नी और परिजन भी रसोई में मौजूद थे।


# दो ट्रकों की टक्कर से खाई में गिरी जवानों से भरी बस, 21 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा चुनाव की ड्यूटी कर बस में सवार होकर लौट रहे जवानों की बस बरेठा घाट में एक के बाद एक दो ट्रकों के टक्कर मारने से खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बस में सवार 40 जवानों में से 21 घायल हो गए, वहीं 9 को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना तड़के चार बजे की है।

### ऐसे हुआ हादसा

छिंदवाड़ा से 40 जवानों को लेकर राजगढ़ जा रही बस जैसे ही बरेठा घाट पर पहुंची तो बस एमपी 13 पी 2233 के ड्राइवर ने ट्रक ओव्हर टेक किया। इस दौरान सामने से एक ट्रक आ गया। इससे बस को दोनों ही ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बस खाई में जाकर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही बैतूल-शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना में 21 जवान घायल हुए हैं जिनमें से 9 को अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में नरेंद्र सिंह, सज्जन सिंह, राहुल सोलंकी, रमेश, देवेंद्र वर्मा, अखिलेश बनवारी, मनोहर लाल, मुकेश, माधव सिंह, पर्वत सिंह, नारायण सिंह, असलम, दिनेश, राम सिंह, रामबाबू ,इंद्रपाल, भगवान सिंह, केलाराम, आसिफ अली, राहुल वर्मा, अखिलेश, दिनेश और अन्य शामिल हैं। छिंदवाड़ा से राजगढ़ जा रही इस बस में 40 जवान सवार थे। इसमें 34 होमगार्ड जवान और 6 पुलिसकर्मी



थे। इस हादसा में 21 लोग घायल हुए हैं 12 को मामूली चोट लगने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में भर्ती किया गया और गंभीर चोट होने के कारण 9 जवानों को जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार पुलिसकर्मी अशोक कुमार कौरव ने बताया की हम चुनाव ड्यूटी कर वापस लौट रहे थे, हमारे साथ बस में 34 होमगार्ड जवान थे और 6 पुलिसकर्मी थे। रास्ते में चाय पीने के बाद हम राजगढ़ की ओर बढ़े तभी बरेठा घाट पर ट्रक आ रहा था उसने टक्कर मारी जिसके बाद बस खाई में गिरने वाली थी लेकिन ड्राइवर ने बस को संभाल लिया, इसके बाद दूसरे ट्रक हमने टक्कर मारी तो बस पलट गई। इस बारे में शाहपुर थाना क्षेत्र के बरेठा घाट में शनिवार की सुबह 4 बजे के लगभग होमगार्ड का बल छिंदवाड़ा से चुनाव ड्यूटी कर राजगढ़ जा रहा था। बरेठा घाट में बस पलट गई जिसमें 21 जवान घायल हुए हैं। जिन्हें कम चोट लगी थी उनका इलाज शाहपुर अस्पताल में कराया गया है जिन जवानों को ज्यादा चोट लगी उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चांदी के चरण किए जाएंगे समर्पित, समिति की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी

# 13वें वर्ष में स्वर्ण रथ पर नगर भ्रमण पर निकलेंगे श्री बालाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

श्री मेंहदीपुर बालाजी भक्त मंडल समिति बैतूल द्वारा इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 23अप्रैल दिन मंगलवार को सायं 5 बजे कोठी बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड के सामने से श्री मेंहदीपुर बालाजी महाराज की विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी। श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी महाराज द्वारा रथ पर बैठकर नगर भ्रमण किया जाएगा। समिति का लगातार 13वें वर्ष पर पदार्पण होने पर इस वर्ष भी समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

रथ पर कलाकारी एवं रंग-रोगन का कार्य बैतूल के कलाकार दिग्विजय बरदे तथा श्याम सोनी द्वारा अपने साथियों के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है। भक्तों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए बालाजी के रथ के रस्सों की लंबाई भी बढ़ाई जा रही है। रथ को महिला एवं पुरूष अलग-अलग रस्सों से खीचेंगे। यात्रा प्रतिवर्षानुसार श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड से शाम 5 बजे निकलकर थाना रोड, लल्ली चौक, मुल्लाजी





पेट्रोल पंप से होते हुए टांगा स्टैंड गंज, बिजासनी माता मंदिर से होते हुए गंज माता मंदिर पेट्रोल पंप के पास समाप्त होगी।

### चांदी की चरण पादुका की जाएगी समर्पित

श्री मेंहदीपुर बालाजी भक्त मंडल समिति के सदस्यों द्वारा श्री बालाजी महाराज के श्री चरणों में चांदी की चरण पादुका की समर्पित की जाएगी। समिति द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल के कारीगरों से करीब 1 किलो वजनी चांदी के चरणों का निर्माण करवाया गया हैं। समिति द्वारा पिछले वर्ष भी 3 चांदी के छत्र श्री मेंहदीपुर बालाजी के रथ में भेंट किये गये थे।

### बालाजी को श्रद्धालु लगायेंगे अर्जिया

श्री मेंहदीपुर बालाजी का मंदिर राजस्थान के दौसा जिले में स्थित हैं, जहां पर हनुमान जी बालरूप में विराजित हैं। जिनके साथ श्री प्रेतराज सरकार तथा भैरव बाबा विराजमान है। मंदिर में वर्षो से मान्यता हैं कि जो भी भक्त मंदिर में अपनी अर्जी एक छोटे से कोरे लाल कपड़े में दस रूपये के सिक्के 11 चावल के दाने के साथ एक कागज पर अपनी मनोकामना लिखकर चढ़ाते है उसे बालाजी महाराज अवश्य स्वीकार करते हैं। बैतूल में निकल रही बालाजी के रथ में भक्त अपनी अर्जी लगा सकते है, जिसे समिति के सदस्यों द्वारा दौसा राजस्थान स्थित श्री मेंहदीपुर बालाजी मंदिर में अर्पित की जाएगी। समिति के सदस्यों द्वारा हर वर्ष रथयात्रा के पश्चात भक्तों द्वारा चढ़ाई गई अर्जियां, नगद भेंट आदि को श्री मेंहदीपुर बालाजी के मंदिर में जाकर भेंट किया जाता हैं।

### पांच जगह होगी महाआरती

श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी की महाआरती का आयोजन पांच स्थानों पर किया जा रहा है। पहली महाआरती श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड के सामने, दूसरी महाआरती दीक्षित निवास थाना रोड, तीसरी महाआरती लल्ली चौक, चौथी महाआरती बिजासनी माता मंदिर, तथा पांचवी महाआरती यात्रा समाप्त होने पर माता मंदिर गंज पेट्रोल पंप पर की जाएगी।

## मतदान केंद्र व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

# चुनाव प्रेक्षक ने किया महाराष्ट्र सीमा से लगे मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**मुलताई।** बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा चुनाव सामान्य प्रेक्षक प्रदीप ठाकुर ने शनिवार महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे हुए प्रभात पट्टन ब्लाक के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पट्टन ब्लाक के ग्राम मालेगांव, चकोरा, वंडली, कुंदा रैयत आदि गांव पहुंचे। जहा उन्होंने मतदान केंद्रों की स्थिति देखी और आवश्यक व्यवस्था किए जाने हेतू दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के साथ प्रभात पट्टन के नायब तहसीलदार राजेश दुबे व लाइजनिंग अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने और सभी व्यवस्था पूर्ण करने हेतु उनके द्वारा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के बाद वे एसएसटी चेक पोस्ट बिसनुर भी पहुंचे, जहा उन्होंने तैनात कर्मचारियों से जानकारी ली और सभी आने जाने वाले वाहनों की जांच किए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए कुसुम महाविद्यालय से होगा सामग्री वितरण

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आयोग के निर्देशों से अवगत कराया

**भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज सिंह परिहार की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तहसील कार्यालय में संपन्न हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

बैठक में तहसीलदार राकेश खजूरिया भी उपस्थित थे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 25 अप्रैल को मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण कुसुम महाविद्यालय से किया जाएगा सामग्री वितरण हेतु स्ट्रांग रूम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा मतदान केंद्रों पर अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु संबंधित अभिकर्ता जिसे मतदान केंद्र पर अभिकर्ता नियुक्त किए जाने हेतु अभ्यर्थी द्वारा अधिकृत किया हो वह आयोग के नियमानुसार निर्धारित प्रारूप 10 में अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर युक्त प्रति संबंधित मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर नियुक्त



निर्वाचन अभिकर्ता दिखावटी मतदान के समय प्रातः 5:30 बजे उपस्थित रहकर अपनी उपस्थिति में दिखावटी मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन करें मतदान दिवस पर मशीन सील करते समय समस्त अभिकर्ता उक्त सीलिंग कार्य पर हस्ताक्षर करेंगे मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व आयोग के नियमानुसार प्रचार प्रसार बंद किया जाए आयोग के नियम अनुसार समय-समय पर जारी की गई सूचना से आपको सूचित करने हेतु किसी एक व्यक्ति को अधिकृत करें जो की 24 घंटे विधानसभा मुख्यालय पर उपस्थित हो सभी कार्यकर्ताओं को सूचित करें कि मतदान के पूर्व एवं मतदान प्रक्रिया के दौरान आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करें अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय की गई राशि का लेखा जोखा व्यय दल को समय-समय पर या मांगे जाने पर उपलब्ध करावे बैठक में भाजपा की ओर से रघुवीर राजपूत, आम आदमी पार्टी से अजय मालवीय, कांग्रेसी मुकेश पटेल, बसपा से मेघराज हरियाले, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी उपस्थित थे।

### सहायक रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार ने देखा मतदान दलों का हैंड्स ओन प्रशिक्षण



भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण द्वितीय दिवस भी जारी रहा अब पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण का समय प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक रखा गया है प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक सभी प्रपत्र जैसे मत पत्र लेखा , पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना दोपहर 2:00 बजे से 5 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार ,तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट ना करें पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करना है तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस 364 मतदान कर्मी उपस्थित रहे

# चुनाव को लेकर 25 अप्रैल से ही बड़े वाहन सुबह 6 बजे से रहेंगे प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर लगभग पूर्ण हो चुकी हैं निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी सहायक निर्वाचन अधिकारी वैभव बैरागी एवं सभी निर्वाचन से संबंधित कर्मचारी अधिकारी प्रशिक्षण लेने के बाद पूरी तैयारी मैं जुटे हुए हैं। तिवारी ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे क्योंकि स्ट्रांग रूम परिसर में अधिकारी वर्ग के द्वारा दर्शन निर्देश दिए गए जिसमें एसडीओपी मोहित कुमार यादव के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व्यवहार की बैठक के संबंध में बताया गया की 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर यातायात व्यवस्था बैठक व्यवस्था एवं एवं सामग्री वितरण एवं अन्य चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि 25 अप्रैल को सामग्री वितरण की जावेगी इसलिए सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। साथी मतदान पार्टियों को रवाना करने के दौरान कोई भी परेशानी नहीं आना चाहिए इसके लिए एसडीओ पीडी पी के शर्मा महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राकेश वर्मा, नगर पालिका परिषद से रूपेश मौर्य, जनपद पंचायत से आरएल सिंह एवं निर्वाचन शाखा से अवधेश रघुवंशी सहित आदि लोगों की उपस्थिति में निर्देश दिए गए हैं कि मतदान दलों के साथ आने वाले वाहनों को लिए राना उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड में लगाया जाएगा तथा निजी वाहनों की पार्किंग भी रहेंगे स्ट्रांग रूम परिसर कॉलेज में रहेगा 25 अप्रैल को पार्टियों को रवाना कर दिया जाएगा। मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लिया गया है।

## रात्रि नाइन ए साइड फुटबल स्पर्धा का आगाज़



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पचमढ़ी के फुटबॉल क्लब के सहयोग से पचमढ़ी में रात्रि नाइन ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज शनिवार रात से शुरू हो गया है। प्रतियोगिता में शहर की आठ टीमें में हिस्सा ले रही है। फुटबॉल प्रतियोगिता को ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न किया गया। प्रतियोगिता के सभी मैच बस स्टैंड छावनी परिषद खेल मैदान में होंगे। आयोजकों ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से वह शहर की प्रतिभाओं को अच्छा खेल खेलने एवं प्रदर्शित करने का अवसर दे रहे हैं। आयोजकों ने प्रतियोगिता का स्लोगन खेलेगा पचमढ़ी तो बढ़ेगा पचमढ़ी रखा है।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्राम नगतरा में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला सत्र न्यायाधीश रामकुमार चौबे, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, यजुबेंद्र पटेल, सरपंच नन्हूलाल पटेल, पूनम ठाकुर, सचिव राजेश रघुवंशी, रजत पटेल रामचरण डोंगरे, लाल साहब, गोकुल ठाकुर व अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे। उक्त अयोजन में एडीजे श्री चौबे ने ग्राम वासियों को कानून की जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि कानून पर आपकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। कानून को कभी हांथ में लेने की गलती न करें। आवश्यकता अनुसार कानून का सदुपयोग करते हुए खुद का और राष्ट्र हित में सहयोगी बने कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने आभार पूनम ठाकुर ने व्यक्त किया।

# शासन के निर्देशों का पालन किए बिना केन्द्रों पर की जा रही गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी पुरानी समर्थन मूल्य पर ही गेहूं की खरीदी की जा रही है। घोषणा के अनुरूप वर्तमान कीमत पर कोई खरीदी नहीं की जा रही है लेकिन शासन के निर्देशों का पालन भी प्रबंधक एवं स्टाफ के द्वारा नहीं किया जा रहा है। केदो पर शासन के द्वारा निर्देश है कि ग्रेडिंग मशीन पंखा छना आदि उपलब्ध रहेंगे। लेकिन खरीदी केदो पर देखा गया कि 14 खरीदी केदो पर कहीं भी ग्रेडिंग मशीन उपलब्ध नहीं है किसने की उपज में कचरा एवं मिट्टी सहित अन्य सामग्री भी मिली आ रही है लेकिन उसके बाद भी स्टाफ के द्वारा शासन के निर्देशों का पालन करने के लिए कोई गाइडलाइन नहीं दी जा रही है। आपसी लेनदेन की सहमति के साथ खरीदी की जा रही है। वाहेगुरु वेयरहाउस में पाया गया कि किसी भी प्रकार से शासन के निर्देशों के पालन की कोई सूची मौके पर उपलब्ध नहीं है ना ही किसानों के लिए कोई सूची चिपकाई गई है ना ही वहां पर कोई ग्रीटिंग मशीन है ना पंखा है ना कोई मशीन रखी गई है यहां तक की किसानों को गुमराह करके सर्वेयर समिति प्रबंधक के द्वारा निर्धारित किए गए हैं उनके द्वारा भी किसानों से आपसी सहमति बनाकर खरीदी की जा रही थी। अचानक अनु विभाग की अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बैठक की गई जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए के ग्रीटिंग किया हुआ अनाज ही खरीद जावेग के बाद से खरीदी बंद की गई लेकिन किसानों को कोई सूचना नहीं दी गई किसानों के देर खुले में पड़े हुए हैं मौसम विभाग लगातार बरसात बता रहा है लेकिन उसके बाद भी विभाग के कर्मचारी कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। बनवारी के किसान सिंह पटेल ने बताया जिनका कोड नंबर 22 22 600 10672 है उन्होंने बताया कि उन्हें किसी प्रकार के प्रबंधक या समिति के द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है और उनसे गेहूं बुला लिया गया और अब खरीदी के को लेकर तमाम दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं गेहूं खुले में पड़ा हुआ है मौसम खराब हो रहा है। इस तरह से किसानों को कहना है कि किसानों को परेशान किया जा रहा है। प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार ऐफे क्यू माल ही खरीद जावेग वहीं पर अस्थाई कर्मचारी के द्वारा बार-बार वेतन की मांग की जा रही है लेकिन प्रबंधन के द्वारा मूंग खरीदी धान खरीदी सहित गेहूं खरीदी का अस्थाई कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिसे लेकर प्रबंधन की चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि भुगतान किया जावेगा लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जबकि खरीदी की राशि भी आ चुकी है तथा किसानों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि 250 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से तोले भी ली जा रही है। शासन के द्वारा तुलाई की राशि 5 प्रति बोरी के हिसाब से दी जाती है जो उनकी कमीशन में जुड़कर राशि आती है। ऐसे गेहूं खरीदी में शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

# महाविद्यालय में वाद विवाद स्पर्धा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा मे इको क्लब द्वारा शनिवार को पृथ्वी का संरक्षण विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालापुरे के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी मनोज कुमार प्रजापति ने छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताया, डॉ. टी टी इक्का ने बताया कि दैनिक जीवन में कैसे अपनी आदतों को बदलकर पर्यावरण के लिए कार्य कर सकते हैं। डॉ. सतीश बालापुरे ने विश्व पर्यावरण दिवस पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2024 की थीम गृह बनाम प्लास्टिक बताते हुए प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए प्रयासों को अपनाने का महत्व को समझाया। रजनीश जाटव ने बताया कि प्रकृति के अत्याधिक दोहन के कारण हमारे पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है आगामी आने वाली पीढ़ियों को उसका नुकसान भोगना ना पड़े इसके लिए हम सबको मिल कर प्रयास करना है।। मंच संचालन डॉ. राकेश निरापुरे तथा आभार डॉ. पदम शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की आकांक्षा पांडे, डॉ. दुर्गा मीना, डॉ.के आर कोसे, डॉ.नीरज विश्वकर्मा, डॉ.रीमा नागवंशी, डॉ. वर्षा भिंगारकर, संगीता कहार, प्रवीण साहू, सुदर्शना राज, डॉ. मनीष दीक्षित, डॉ. गजेंद्र वाईकर, रजनीकांत वर्मा एवं समस्त प्राध्यापक तथा छात्राएं उपस्थित रही।

# स्कूल के गेट के सामने पार्क की गई कार को पुलिस ने व्हील लॉक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शनिवार को सूरजगंज चौराह के पास स्थित पीएम श्री स्कूल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट के सामने रात से किसी ने अपनी कार पार्क करके चला गया। सुबह जब चौकीदार गेट खोलने के लिए बाहर आया तो उसे कार खड़ी दिखी। चौकीदार ने आमने-सामने दुकानदारों, सामने नर्सिंग होम में मरीजों और उनके परिजनों से भी पूछताछ की, लेकिन कार मालिक का पता नहीं चल सका। कार क्रमांक एमपी 04 सीडब्लू 6513 की सूचना नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला को मिली तो उन्होंने ट्रैफिक इंचार्ज उपनिरीक्षक सुनील घावरी को भेजा जिन्होंने कार में व्हील लॉक लगा दिया है। टीआई श्री बुंदेला का कहना है कि वाहन मालिक के मिले नंबर पर कॉल किया तो मोबाइल बंद था। व्हील लॉक कर दिया है। ट्रैफिक इंचार्ज श्री घावरी ने कहा कि व्हील लॉक कर दिया है, शाम तक यदि वाहन मालिक आया तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा अन्यथा कल कोर्ट का चालान कटेगा और वहीं से वाहन प्राप्त होगा।

### बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखी जाए

# वेयर हाउस में मतदान प्रभावित करने वाली सामग्री न रहे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी दिनों में जिले में बनाए गए सभी एसएसटी चेक पोस्टों, जांच नाको पर विशेष सतर्कता रखी जाए। आने जाने वाले वाहनों की कडाई एवं सघनता से जांच की जाए।उन्होंने अपर कलेक्टर डीके सिंह , डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं जिला कोषालय अधिकारी नितेश उईके को रात्रि में एसएसटी चेक पोस्टों को चेक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिए की आगामी दिनों में वह संदिग्ध बैंक खातों में नजर बनाकर रखें । इस दौरान इन बैंक खातों में यदि अधिक और संदिग्ध लेनदेन होता है तो तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा हाल में दिए निर्देशअनुसार वेयरहाउस में भी विशेष सतर्कता रखी जाए , वेयरहाउसों की नियमित रूप से जांच हो कि वेयरहाउस में किसी भी प्रकार की नगद राशि, शराब, ड्रग्स, साड़ी और अन्य प्रतिबंधित पदार्थ तो नहीं है यदि है तो तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रतिदिन वेयरहाउस का निरीक्षण करें एवं प्रतिदिन इस आशय का रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। बैठक में बताया गया कि अब तक 79.69 लाख रुपए की नगदी वाहनों से जप्त की गई है । कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिन व्यक्ति या संस्था की नगदी चेक पोस्टों से वाहनों की चेकिंग के दौरान जप्त की गई है उन्हें अपील की प्रक्रिया से अवगत कराया जाये। बैठक में जिला आबकारीअधिकारी ने बताया कि विभाग ने अब तक 31 लाख 13 हजार रुपए मूल्य की अवैध शराब जप्त की है । छह वाहन को भी जप्त किया गया है । उन्होंने बताया कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं । निर्धारित मात्रा से अधिक शराब के उठाव पर विशेष नजर रखी जा रही है । अवैध शराब बिक्री पर भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है । कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिला आबकारी अधिकारी अपने सभी कॉन्टैक्टर को हिदायत दे की मतदान के दिन कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो , कहीं भी शराब का परिवहन ना हो। बैठक में अपर कलेक्टर डीके सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत , डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# अभाविप ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर महाविद्यालय में गर्ल्स टॉयलेट में महाविद्यालय परिसर छात्राएं अधिक संख्या में शिक्षा अर्जित कर रही है। इस विषय को ध्यान में रखकर एवं छात्राओं की सुविधा को देखते हुए। विद्यार्थी परिषद् ने महाविद्यालय को अवगत कराते हुए कहा कि छात्राओं की विभिन्न समस्याएं रहती जिससे वह असहज महसूस करती हैं और अन्य तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है और स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। तथा विद्यार्थी परिषद् छात्राओं के हित के लिए व स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए महाविद्यालय गर्ल्स टॉयलेट में सेनेटरी नेपकिन बेंडिंग मशीन को लगाया जाए। मांगो को 7 दिनों के अंदर पूरा किया जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद् आंदोलन हेतु बाध्य रहेगी विद्यार्थी परिषद द्वारा महाविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी गई। इस अवसर पर बहन शीतल द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें महाविद्यालय की अन्य छात्राएं व कार्यकर्ताएं भी शामिल रहीं।

## 25 अप्रैल तक भेज सकते हैं प्रविष्टि

**सीहोर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए का दिया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि **mp.mygov.in** पोर्टल पर भेजना होगी। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मंगलवार को नहीं होगी मंडी में खरीदी

**हरदा।** कृषि उपज मंडी में हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर मंगलवार को खरीदी नहीं होगी। मंडी सचिव मोहन सिंह चौहान ने बताया कि ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन ने आवेदन देकर बताया कि मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर वह मंडी में खरीदी में हिस्सा नहीं लेंगे। जिसके चलते मंगलवार को मंडी में खरीदी नहीं होगी। मंडी सचिव चौहान ने सभी किसानों से उनकी उपज को मंडी में बिक्री के लिए नहीं लाने को लेकर आग्रह किया है। गौरतलब है कि इन दिनों मंडी में गेंहू,चना और मक्का की फसल की अच्छी आवक हो रही है।

### 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरदा आदित्य सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान हरदा जिले में मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस के दिन शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार जिले में संचालित सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, वाईन शॉप एवं स्टोरेज देशी मदिरा मद्य भांडागार की दुकानों से 5 मई को शाम 6 बजे से 7 मई को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 4 जून को सम्पूर्ण दिवस मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों, शराब की भट्टियां संचालित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। एसपी देवेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में शनिवार को गणपति नाका थाना पुलिस ने एक आरोपी को 303 देसी क्वार्टर शराब के साथ पकड़कर उसके खिलाफ धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत केस बनाया है। आरोपी इतवारा गेट की गली में अवैध शराब बेच रहा था। गणपति नाका थाना टीआई टीकमचंद शिंदे के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ इतवारा गेट की गली में दबिश दी गई। यहां एक आरोपी से अवैध शराब बरामद की। आरोपी गौरव उर्फ छट पिता जयंतीलाल मगरे निवासी वार्ड नंबर 16 इतवारा गेट को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 303 देसी क्वार्टर जब्त किए गए। कार्रवाई में एएसआई चेतराम निकुम, शैलेष पाल, प्रधान आरक्षक नईम खान, आरक्षक विनोद परिहार, रजनी सोलंकी शामिल रहे।

### 2 स्कूलों पर 2-2 लाख रुपए का अर्थ दंड

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के दो स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि के निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने पर दो-दो लाख रुपए का अर्थ दंड लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पी.एम. सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों पर अर्थ दंड लगाया गया है। उनमें सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल टिमरनी और एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल टिमरनी शामिल है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई। जिसमें यह पाया गया कि इन दोनों स्कूलों द्वारा गत वर्ष की तुलना में इस शिक्षा सत्र में फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई तथा फीस वृद्धि के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में दोनों स्कूलों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों से ली गई अतिरिक्त फीस आगामी 15 दिवस की समय सीमा में विद्यार्थियों के पालकों को वापस करें।

### बालकनी से गिरकर महिला की मौत

**सीहोर।** सब्जी मंडी के समीप घर की बालकनी से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सब्जी मंडी के समीप चंद्रशेखर आजाद मार्ग निवासी सुरेश गिरोठिया की 64 वर्षीय पत्नी मधु गिरोठिया गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे अपने घर की बालकनी में खड़ी थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ी।

डीईओ ने भी प्राचार्य को पत्र लिखकर अपनी बिल्डिंग में जाने के निर्देश दिए, लेकिन नहीं माने

# बारिश में मिडिल स्कूल में हाईस्कूल लगाने की दी थी अनुमति, लेकिन अब कब्जा करके बैठ गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

बच्चों में पढ़ाई का स्तर सुधरे और बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिले .इसके लिए शिक्षा विभाग तरह-तरह के प्रयास कर रहा है। लेकिन जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर गांव मगरखेड़ा में अजीब मामला सामने आया है। यहां हाई स्कूल पहुंचने के लिए बारिश में रास्ता बंद हो जाता है। ऐसे में डीईओ की अनुमति से हाई स्कूल के बच्चों की चार महीने पढ़ाई मिडिल स्कूल में करवाई जाती है।

पिछले सत्र में भी बारिश के दौरान हाई स्कूल को मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया, लेकिन चार महीने बाद जब बारिश खत्म हो गई और मिडिल स्कूल के प्राचार्य ने हाई स्कूल को वापस अपनी पुरानी बिल्डिंग में लगाने के लिए कहा तो उन्होंने मना कर दिया। इस संबंध में डीईओ ने भी हाई स्कूल के प्राचार्य को निर्देश देते हुए खुद की बिल्डिंग में कक्षाएं शिफ्ट करने के निर्देश दिए, लेकिन उसके बाद भी हाई स्कूल मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में ही लग रहा है। ऐसे में मिडिल स्कूल के छात्र और स्टाफ परेशान हो रहा है। यही नहीं इस अनदेखी से हाई स्कूल की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। यहां रखा सामान खराब हो रहा और लोग यहां अतिक्रमण करते जा रहे हैं।

### ऐसे भी नजारे : हाईस्कूल के बाहर लगा भूसे का ढेर, ग्रामीण बना रहे ईंट

शासकीय हाई स्कूल मगरखेड़ा की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यहां कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं, ऐसे में लोगों ने कब्जा करके स्कूल के सामने ही भूसे का ढेर लगा दिया। यही नहीं ग्रामीण यहां ईंट भी बना रहे हैं। यदि इसी तरह अनदेखी होती रही तो आने वाले दिनों में ग्रामीण यहां मवेशी बांधेंगे और स्कूल का पूरा सामान खराब हो जाएगा। लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

### एक परिसर-एक शाला की घोषणा कर दो

मिडिल स्कूल में कक्षा एक से 8वीं तक की कक्षाएं लगती हैं। ऐसे में हाई स्कूल की 9वीं और 10वीं कक्षा संचालित करने के दौरान यहां कक्षों की कमी होती है। लेकिन उसके बाद भी यहां हाई स्कूल की कक्षाएं संचालित हो ही हैं। यदि शिक्षा विभाग यहां से हाई स्कूल की कक्षाएं शिफ्ट नहीं करवा सकता है तो इस संस्था को एक परिसर-एक शाला का दर्जा दे दिया जाना चाहिए। ताकि यहां एक ही प्राचार्य हो और उसी के अधीर पूरा स्कूल।

### आए दिन होता है स्टाफ के बीच विवाद

मिडिल स्कूल में हाई स्कूल की कक्षाएं लगाने के कारण यहां कई बाद स्टाफ में विवाद की स्थिति भी बनती है। लेकिन इसके बाद भी हाई स्कूल की कक्षाएं अपनी खुद की बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं हो पा रही हैं। स्टाफ के बीच होने वाले विवाद की शिकायत डीईओ कार्यालय तक भी पहुंचती हैं।

### *मिडिल स्कूल के प्राचार्य ने असहमति जताई फिर भी खाली नहीं कर रहे कक्ष*

*मगरखेड़ी के हाई स्कूल के रास्ते में नाला पड़ता है, बारिश के दिनों में यहां पानी भर जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों के जीवन की सुरक्षा को देखते हुए हाई स्कूल की कक्षाएं चार चार महीने के लिए मिडिल स्कूल में लगाने की सहमति मिडिल स्कूल प्राचार्य द्वारा दी जाती है। लेकिन अब स्थिति यह हो गई कि पिछले सत्र में पूरे साल कक्षाएं मिडिल स्कूल में ही संचालित हुईं, जबकि नए सत्र में भी कक्षाएं मिडिल स्कूल में संचालित की जा रही हैं। ऐसे में मिडिल स्कूल के प्राचार्य के असहमति के बाद डीईओ ने हाई स्कूल प्राचार्य को अपनी खुद की बिल्डिंग में कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए थे।*

कांग्रेस नेता ने सभा को किया संबोधित

# कांग्रेस को जिताओगे तो छिंदवाड़ा की तर्ज पर करेंगे हरदा का विकासः कमलनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मोरगढ़ी में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बैतूल-हरदा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर यहां से कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम को जीत मिलती है। यहां छिंदवाड़ा की तर्ज पर ही विकास काम किए जाएंगे।


पूर्व सीएम कमलनाथ ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में मध्यप्रदेश घोटालों का प्रदेश बन गया है। यहां न तो युवाओं को रोजगार मिला है। न किसानों को उनका हक मिल पाया है। वही महिलाओं पर प्रदेश में अत्याचार बढ़ गए है। मध्य प्रदेश आज बेरोजगारी में नंबर वन है। उन्होंने कहा भाजपा धर्म को राजनीति से जोड़ती है। जबकि धर्म आचार विचार का विषय है। कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व सीएम कमलनाथ। कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व सीएम कमलनाथ। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा हनुमान मंदिर बनाया है। जबकि भाजपा अयोध्या में बने राम मंदिर पर राजनीति कर रही है। राम मंदिर पर किसी एक का पट्टा नही है। राम मंदिर का निर्माण देश के आम लोगो के सहयोग से बना है। वो हम सभी का है।

उन्होंने कहा- पिछले 28 सालों से आपने एक ऐसे सांसद को चुना है। जिसने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किए है और न ही उन्हें कोई जानता है। जबकि चालीस सालों से सांसद रहते उन्होंने छिंदवाड़ा का सर्वांगीण विकास किया है। लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए है।उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से झूठे वादे कर सरकार बनाती है। जनता की ओर से चुनी गई हमारी सरकार को भाजपा ने खरीद फरोख्त कर गिराने का काम किया है।

# स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**हरदा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला जेल हरदा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोपेश गर्ग भी उपस्थित थे।

विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बदियों का चिकित्सकीय परीक्षण किये जाने हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय के डॉ. शैलेन्द्र परिहार, जेल चिकित्सक डॉ. राजेश सतीजा, डॉ. कपिल पटेल, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. देवकी नन्दन, डॉ. गिरीराज बडोने, डॉ. बृजेश रघुवंशी डॉ. आयुशी गुप्ता विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रहीं। शिविर में कुल 180 पुरूष एवं 5 महिलाओं सहित कुल 185 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया दी गईं। बंदियो का रक्तचाप, मधुमेह एवं एचआईव्ही टेस्ट कराये गये साथ ही आवश्यकतानुसार 14 बंदियों को चश्में निःशुल्क वितरित किये गये। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, गोपेश गर्ग द्वारा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित बंदियों से चर्चा कर उनकी कानूनी समस्याएं सुनी और समझाईश देकर निराकरण किया। कार्यक्रम में अपर्णा लोधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्रभात कुमार, जेल अधीक्षक, योगेश शर्मा उप जेल अधीक्षक, फार्मासिट मनीष साध भी उपस्थित थे।



# बारातियों से भरा चार पहिया वाहन पलटा,6 बराती घायल

**बुरहानपुर।** शनिवार सुबह करीब 11 बजे बारातियों से भरा एक चार पहिया बोलेरो वाहन ग्राम गंभीरपुरा से करीब 4 किमी पहले शिवा बाबा घाट पर असंतुलित होकर रोड से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई है, करीब 6 बारातियों को चोंटें आई है। उनका उपचार धुलकोट स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दरअसल शनिवार सुबह खकनार क्षेत्र के ग्राम खारी से बोलेरो वाहन में बाराती धुलकोट के गंभीरपुरा जा रहे थे, लेकिन गंभीरपुरा से 4 किमी पहले ही शिवा बाबा घाट पर यह घटना हो गई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पुलिस टीम पहुंची। घायलों को धुलकोट उपस्वास्थ्य केंद ले जाया गया जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि किसी की भी हालत गंभीर नहीं है।

# 24 को हरदा आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## पीले चावल देकर सभा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भाजपा कार्यालय में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी की 24 अप्रैल को हरदा में होने वाली सभा को लेकर बैठक हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सभा को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर पीले चावल देकर सभा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने का संकल्प लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को हरदा आ रहे हैं।

सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने जिला बैठक में घर-घर जाकर पीले चावल से निमंत्रण देते हुए उन्हें मोदी से रूबरू कराने के लिए सभा स्थल पर जाने का संकल्प लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी पहली बार हरदा आ रहे हैं। हमारे लिए गौरव का पल है कि ऐसे नेता हम सबको अपना उद्बोधन देने के लिए हमारे बीच पधार रहे हैं। जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ से अधिकतम कार्यकर्ता एवं जनता पीएम को सुनने के लिए आए। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि 1992 के बाद मोदी हमारे बीच पधार रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करते हुए और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए अनगिनत कार्य किए हैं। लोकसभा प्रभारी भरतसिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोद, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर में दो दिवसीय श्री हनुमान महोत्सव मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश तलाई स्थित श्री खेड़ापति हुनमान मंदिर में श्री हनुमान जन्म महोत्सव 22 एवं 23 अप्रैल 2024 को मनाया जायेगा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 22 अप्रैल सोमवार को प्रातः 6:00 बजे श्री अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ होगा एवं पाठ की समाप्ती दिनांक 23 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 5:00 बजे होगी।

पश्चात श्री बालाजी भजन मण्डल द्वारा प्रातः 5:00 बजे से 6:00 बजे तक भजनों की मनमोहक प्रस्तुती दी जावेगी। प्रातः 6:00 बजे श्री हनुमान की जन्म आरती की जावेगी। प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक हवन होगा। दोपहर 11:00 बजे श्री हनुमान की भोग आरती की जावेगी जिसमें भगवान को छप्पन भोग लगाया जावेगा, दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक श्री हनुमान जी का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, शक्कर) से वैदिक मंत्रौच्चार द्वारा महा अभिषेक किया जावेगा, सायं




05:30 बजे श्री हनुमान जी की विशेष शृंगार आरती की जावेगी एवं उत्सव की महाआरती रात्रि 8.30 बजे की जावेगी। उत्सव के दौरान मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मंदिर के पंडित संतोष शुक्ला ने बताया कि यह स्थान अति प्राचीन होने के साथ ही श्री हनुमान की मूर्ति स्वंय प्रकट होने तथा मूर्ति पीपल के खोड़ मे से प्रकट होने के कारण इस स्थान को खोड़्या हनुमान के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थान की मान्यता है कि श्री हनुमान के समक्ष श्रीफल (नारियल) भेंट कर अर्जी लगाई जाती है। अर्जी स्वीकार होने पर श्री हनुमान का चोला पूजन किया जाता है। भक्तो द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर में सवांमनी (भण्डारा) का आयोजन भी किया जाता है। भक्तो की राशियों पर होने वाले शनि, राहु, केतु व अन्य गृहों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए श्री खेड़ापति हनुमान को श्रीफल भेंट कर अर्जी लगाकर गृहों के दुष्प्रभाव से बचने की प्रार्थना भी की जाती है। जिसका विशेष फल भी भक्तों को प्राप्त होता है। मंदिर में प्रति शनिवार एवं मंगलवार को भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने पर श्री हनुमान का चोला पूजन किया जाता है। मंदिर के पुजारी संतोष शुक्ला ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से हनुमान जयंती पर आयोजित महोत्सव में उपस्थित होने का अनुरोध किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी पटेल ने शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया

## सचिन यादव, राजनारायण सिंह, डॉ मुनीश मिश्रा थे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल ने शनिवार को सुबह 10 बजे दादाजी दरबार दर्शन करने के पश्चात शुभ मुहूर्त में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि सभी नेतागण सुबह पहले दादाजी दरबार दर्शन करने पहुँचे, पूजा पाठ कर धुनी में नारियल चढ़ाया और आशीर्वाद लिया पश्चात मदन भाऊ से औपचारिक चर्चा की। इस अवसर पर पटेल के साथ कसरावद विधायक सचिन यादव ,भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ,पूर्व विधायक राजनारायण सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा भी साथ रहे एवं शुभ मुहूर्त में नामांकन



दाखिल किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा, इंदल सिंह पवार,विकास व्यास, आलोक सिंह रावत, विनोद यादव, अय्यूब लाला,गुलशन अरोरा ,प्रीतेश जैन, वीरेंद्र गौतम, दिव्यांश ओझा, अर्श पाठक सोएब ,अयान पठान, देवेंद्र जैन, जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन, आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

ऐसी कोई ताकत नहीं है जो कमल को खिलने से रोक पाएः सीएम

# सीएम के साथ पाटिल ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सांसद एवं लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल को इस चुनाव में भी विजयश्री प्राप्त हो और भाजपा का कमल फिर इस संसदीय क्षेत्र में खिले इस उपदेश को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा खंडवा पहुंचे, 11:55 पर कलेक्टर कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया।

नामांकन के समय मुख्यमंत्री यादव के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल,धर्मेंद्र बजाज,खंडवा विधायक कंचन तनवे,पंधाना विधायक छाया मोरे,विधायक नारायण पटेल आदि साथ रहें। गौरतलब हैं की खंडवा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने



भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल का नामांकन जमा कराया। इसके बाद रोड शो करते हुए सभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि दुनिया की ऐसी कोई ताकत नहीं है, जो कमल को खिलने से रोक पाए। उन्होंने भाजपा की तीसरी बार सरकार फूल सपोर्ट से बन रही है। और इधर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके परिवार ने भारत में लंबे समय तक राजनीति की है, लेकिन गरीबी को खत्म नहीं किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की, कहते हुए कि मोदी जी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि मुफ्त राशन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, जो गरीबों के लिए गहरे आर्थिक सहारा प्रदान करती हैं। उन्होंने भी उदाहरण दिया कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए घर बनाने की योजना के तहत लाखों मकान बनाए हैं। सीएम यादव ने नामांकन के बाद रोड़ शो किया, जिसमें उन्होंने नगर निगम से घंटाघर, बांबे बाजार, केवलराम चौक तक भाजपा कार्यालय तक यात्रा की। उनके रोड शो में जनता की भारी संख्या थी। इस दौरान, कांग्रेस दो पार्षद वर्मा और सिलावट भी भाजपा में शामिल हो गए, जो सीएम यादव के लिए आगमन के लिए महत्वपूर्ण रुझान था। सीएम मोहन यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से पार्टी के लिए उत्साह और समर्थन मांगा।सीएम का खंडवा आना राजनीतिक मंच के लिए महत्वपूर्ण रहा और भाजपा को इस क्षेत्र में और बढ़ावा मिला है।साथ ही इस दौरान कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के करीबी छैगांव माखन जनपद अध्यक्ष महेंद्र सावनेर ने भी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

# 2 अपर कलेक्टर की मौजूदगी में बॉर्डर पर हुई वाहनों की जांच

**बुरहानपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य मार्ग और मप्र-महाराष्ट्र से लगी सीमाओं पर वाहनां की सघन जांच की जा रही है। शनिवार को दो अपर कलेक्टर की मौजूदगी में जांच अभियान चला। गौरतलब है कि 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल के निर्देश पर स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा निरंतर रूप से चेक पोस्टों पर वाहनों की जांच की जा रही है। स्थैतिक निगरानी दल मुख्य मार्गों, जिले व राज्य की सीमाओं पर जांच चौकी बनाकर अपने.अपने क्षेत्र में सख्त जांच करते हुए कार्रवाई कर रहा है। शनिवार को अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, अपर कलेक्टर शंकरलाल सिंगाडे.की मौजूदगी में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट सामग्री वितरण, संग्रहण के लिए अफसरों को सौंपे दायित्व लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर भव्या मित्तल ने पोस्टल बैलेट सामग्री संग्रहण और वितरण के लिए अफसरों को दायित्व सौंपे हैं। नेपानगर विधानसभा क्षेत्र 179 और बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र 180 के लिए अनुपस्थित वर्ग के मतदाता, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग वर्ग के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट सामग्री वितरण, संग्रहण की कार्रवाई 6 और 7 मई 24 को की जाएगी। इसके लिए अपर कलेक्टर शंकरलाल सिंगाड़े को सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, उप संचालक कृषि एमएस देवके, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ राजेश आदि रहे मौजूद।